नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 190/2021
Dt- 17-6-2021

अपर मुख्य सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत पैटघाट (एन0एच0 57) से भाया रैयाम होते हुये बिरौल चौक तक जानेवाली पथ निर्माण की सड़क के मरम्मति—कार्य कराने के संबंध में।**

महाशंय,

मधुबनी जिलान्तर्गत पैटघाट (एन0एच0 57) से भाया रैयाम होते हुये बिरौल चौक तक जानेवाली पथ निर्माण की सड़क अनुरक्षण एवं मरम्मति कार्य नहीं होने से जीर्णावस्था में है। इस पथ में कहीं—कहीं मरम्मति के अभाव में गड्ढों के कारण जल—जमाव होने से आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, जैसा कि संलग्न उक्त सड़क का फोटो की छायाप्रति से स्पष्ट है।

ज्ञात है कि यह सड़क निर्माण के तहत अनुरक्षण एवं मरम्मति कार्य की अवधि सीमा के अंतर्गत है। यह सड़क ग्रामीणों के रोजमर्रे के दिनों में लाईफ लाईन का काम करती है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन लगा रहता है। जनहित में इस पथ का मरम्मति कार्य कराना आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि यह सड़क पैटघाट (एन0एच0 57) एवं बिरौल चौक (एन0एच0 527A) को जोड़ती है।

अतः अनुरोध है कि उक्त सड़क का अनुरक्षण एवं मरम्मति कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, मधुबनी को निदेश देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 17.6.21

संलग्न—जर्जर सड़क के फोटो की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in